मेरा कान्हा मुझे संभालेगा | By Neeraj Patel

गिरने ना देगा बिखरने ना देगा
हर मुश्किल से कान्हा मुझे निकालेगा
मेरा कान्हा मुझे संभालेगा
मेरा कान्हा मुझे संभालेगा

मेरी फिकर सदा है तुमको कोई ना संगी साथी है
तुमसे लगन लगी है ऐसी कोई ख्वाइश अब ना बाकी है
दुनिया ने मुझसे नाता तोडा क्या तू मुझे निभा लेगा
मेरा कान्हा मुझे संभालेगा
मेरा कान्हा मुझे संभालेगा

बागडोर तेरे हाथ में सौंपी सारथी मेरे तुम बन जाओ
मोह माया और छल कपट से दूर मुझको ले जाओ
विमुख हुआ जो मैं तुमसे मन माया में उलझा लेगा
मेरा कान्हा मुझे संभालेगा
मेरा कान्हा मुझे संभालेगा

केवल तेरा नाम लिया मैंने चारो धाम दर्शन मिल गए
जनम जनम की तृष्णा मिट गई सब परदे आँखों से हट गए
छोड़ के आऊं जब मैं तन को क्या तू शरण लगा लेगा
मेरा कान्हा मुझे संभालेगा
मेरा कान्हा मुझे संभालेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87%e0%a4%97/